# भारतीय जनता पार्टी

**(केंद्रीय कार्यालय)**

6A, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

21 नवंबर 2021, रविवार

## <u>भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जगत प्रकाश नड्डा जी के उत्तर प्रदेश प्रवास के संदर्भ में भाजपा के राष्ट्रीय मीडिया प्रमुख श्री अनिल बलूनी की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति</u>

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जगत प्रकाश नड्डा जी कल **22** नवंबर, सोमवार से दो दिवसीय प्रवास पर उत्तर प्रदेश में रहेंगे जहां वे कई संगठनात्मक बैठकों में भाग लेंगे और कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करेंगे।

**************

श्री नड्डा गोरखपुर और कानपुर में बूथ अध्यक्ष सम्मेलनों को संबोधित करेंगे और कानपुर में क्षेत्रीय कार्यालय का उद्घाटन करने के साथ-साथ **7** जिला कार्यालयों का भी वर्चुअल उद्घाटन करेंगे। वे गोरखपुर में वनटंगिया परिवारों से भी संवाद करेंगे।

**************

माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष सोमवार को रात्रि प्रवास  प्रदेश कार्यालय, लखनऊ में करेंगे जहां वे महत्वपूर्ण सांगठनिक बैठक करेंगे।

**************

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जगत प्रकाश नड्डा जी कल 22 नवंबर, सोमवार से दो दिवसीय प्रवास पर उत्तर प्रदेश में रहेंगे जहां वे कई संगठनात्मक बैठकें करेंगे और कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करेंगे।

श्री नड्डा कल दोपहर 12 बजे गोरखपुर पहुंचेंगे जहां पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा उनका भव्य स्वागत किया जाएगा। गोरखपुर पहुंचते ही सबसे पहले माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष दोपहर **12:15** बजे श्री गोरक्षनाथ मंदिर में पूजा अर्चना करेंगे और जन-जन के कल्याण की मंगलकामना करेंगे। दोपहर तीन बजे बूथ अध्यक्ष सम्मेलन कार्यक्रम स्थल, चंपा देवी पार्क, गोरखपुर में बूथ अध्यक्ष सम्मेलन को संबोधित करेंगे। शाम **04:30** बजे वे गोरखपुर एयरपोर्ट के निकट वनटंगिया में वनटंगिया परिवार से मुलाकात करेंगे एवं उनसे संवाद करेंगे। शाम 06:15 बजे वे भाजपा प्रदेश कार्यालय में सांगठनिक बैठक करेंगे। श्री नड्डा सोमवार को रात्रि प्रवास प्रदेश कार्यालय, लखनऊ में करेंगे जहां वे महत्वपूर्ण सांगठनिक बैठक करेंगे।

अगले दिन, 23 नवंबर को माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रातः 10:45 बजे लखनऊ होते हुए कानपुर पहुंचेंगे। प्रातः **11:15** बजे वे बाबा नामदेव गुरुद्वारा (सब्जी मंडी, किदवई नगर, कानपुर) में मत्था टेकेंगे। इसके पश्चात् वे पूर्वाहन **11:45** बजे प्लॉट नंबर **2**, जूही, साकेत नगर, कानपुर में क्षेत्रीय भाजपा कार्यालय,

कानपुर का उद्घाटन करने के साथ-साथ **7** जिला कार्यालयों का वर्चुअल उद्घाटन करेंगे। दोपहर **02:00** बजे वे रेलवे मैदान, निराला नगर, कानपुर में बूथ अध्यक्ष सम्मेलन को संबोधित करेंगे।

महेंद्र कुमार
(कार्यालय सचिव)